पत्रांक–2 / यो0–5004 / 2024–

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन), बिहार, पटना।

प्रेषक,

सुनील कुमार यादव, (भा0प्र0से0)
निदेशक,
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
बिहार, पटना।

सेवा में

निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, निदेशालय नियोजन (मुख्यालय)।
जिला नियोजन पदाधिकारी, जमुई।

पटना–01, दिनांक–

विषयः–वित्तीय वर्ष 2024–25 में **"नियोजन सेवा का विस्तार"** स्कीम अन्तर्गत शेष बचे ₹13,00,000 / –(रूपये तेरह लाख) मात्र के आवंटन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–390 दिनांक–21.03.2025 द्वारा स्वीकृत **"नियोजन सेवा का विस्तार"** स्कीमन्तर्गत वर्तमान वितीय वर्ष 2024–25 में कार्यालय उपयोग हेतु सामग्री एवं पूर्ति मद के लिए निदेशालय नियोजन मुख्यालय को ₹5,00,000 / – एवं जिला नियोजनालय, जमुई को ₹8,00,000 / – अर्थात कुल ₹13,00,000 / –(रूपये तेरह लाख) मात्र का आवंटन दिया जा रहा है।

2. इस स्कीम अन्तर्गत व्यय– मुख्य शीर्ष–2230– श्रम, रोज़गार एवं कौशल विकास, उपमुख्य शीर्ष–02–रोजगार सेवाएँ, समूह शीर्ष–राज्य योजना, लघु शीर्ष–101–रोजगार सेवाएँ–माँग संख्या–26, उप शीर्ष–0101–नियोजन सेवा का विस्तार, विपत्र कोड–26–2230021010101 के विषय शीर्ष 0101.21 01 सामग्री एवं पूर्तियॉ मद के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपबंधित / आवंटित राशि से विकलनीय होगा।

3. इस राशि का आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561 / वि0 (2) दिनांक–17.04.1998, पत्रांक–3576 दिनांक–01.04.2024, वितीय नियमावली–2005, वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों / निदेशो एवं CFMS में मुक्त किये गये राशि के अनुसार दी जा रही है। इस राशि का व्यय समेकित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (C.F.M.S) / समय–समय पर निर्गत निदेशों के आलोक में सुनिश्चित किया जाय।

4. राशि के व्यय का उपयोगिता प्रमाण पत्र ससमय महालेखाकार, बिहार को देते हुए एक प्रति निदेशालय मुख्यालय को भी निश्चित रूप से उपलब्ध करावें।

5. प्रत्येक महीने के तीसरे कार्य दिवस तक टी0 भी0 नं0 के साथ व्यय विवरणी निदेशालय नियोजन, बिहार, पटना को उपलब्ध कराना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

6. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी आवंटन दिये जा रहे उक्त दो कार्यालय के संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 / –
निदेशक,
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
बिहार, पटना।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक संख्याः–2 / यो0–5004 / 2024– 14 पटना–01, दिनांक–22/3/2025

प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना / जिला कोषागार पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक,
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
बिहार, पटना।